**>Title: Need to provide a financial package to the Government of Bihar for rendering assistance to the people affected by floods in the State. − Laid.**

**श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) :** अध्यक्ष महोदय, हाल ही में प्रधानमंत्री जी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, इसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री जी ने राज्य की बाढ़ से हुई तबाही को देखा, उन्होंने राज्य के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राट्रीय आपदा राहत कोा से 115 करोड़ रूपये दिए। साथ ही जल निकासी की उचित व्यवस्था और बांध को मजबूत करने हेतु 400 करोड़ रूपये जल्द देने का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष महोदय, बिहार में प्रलयंकारी बाढ़ से हुए नुकसान की तुलना में उपरोक्त धनराशि बहुत ही कम है।

अध्यक्ष महोदय, बिहार के बीस जिलों के 197 प्रखंड बाढ़ की चपेट में रहे हैं करीब 9291 गांव इससे प्रभावित हुए हैं और करीब 4986 लाख हेक्टेयर भूमि में बाढ़ का पानी घुस गया था। इस क्षेत्र के 13.42 हेक्टेयर भूमि में लगी 29634.75 लाख रूपये की फसलें नट हो गयी हैं। अध्यक्ष महोदय, राज्य में बाढ़ के कारण जान माल, पशुधन, नर्सरी उद्योग और सरकारी सम्पत्ति की भारी तबाही हुयी है। अध्यक्ष महोदय, राज्य में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण और पीड़ितों को राहत व पुनर्वास के लिए बिहार सरकार ने केन्द्र से 8000 करोड़ रूपये के राहत पैकेज की मांग की है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करता हूं कि बिहार सरकार ने जो राहत पैकेज केन्द्र सरकार से मांगा है उसे शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाए और यह राशि राट्रीय आपदा राहत कोा से देने के बजाय प्राकृतिक आपदा कोा से प्रदान की जाये।